Series : SKS/1

कोड नं.
Code No. 66/1/1

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

व्यावसायिक अध्ययन
BUSINESS STUDIES

निर्धारित समय : 3 घण्टे] *[अधिकतम अंक : 90*
Time allowed : 3 hours] *[Maximum Marks : 90*

सामान्य निर्देश :

*(i) 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** से **एक वाक्य** तक हों ।*
*(ii) 3 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **50 – 75** शब्दों के हों ।*
*(iii) **4 – 5** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों के हों ।*
*(iv) **6** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग **200** शब्दों के हों ।*
*(v) **एक** प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए ।*

General Instructions :

*(i) Answers to questions carrying **1** mark may be from **one word** to **one sentence**.*
*(ii) Answers to questions carrying **3** marks may be from **50** to **75** words.*
*(iii) Answers to questions carrying **4 – 5** marks may be about **150** words.*
*(iv) Answers to questions carrying **6** marks may be about **200** words.*
(v) Attempt all parts of a question together.

1. 'भर्ती' को परिभाषित कीजिए । 1

Define "Recruitment".

2. अभिप्रेरणा एक जटिल प्रक्रिया क्यों कहलाती है ? 1

Why is motivation called a complex process ?

3. निर्देशन प्रबंधन के किस स्तर पर निष्पादित होता है ? 1

At which level of management directing takes place ?

4. [illegible] 1

What should be done while 'taking corrective action' in the process of controlling when especially in the important areas deviations go beyond the acceptable range ?

5. [illegible]

State how 'Growth Companies' affect the working capital requirements of a company ?

6. [illegible]

What is the primary objective of 'Financial Management' ?

7. 'मुद्रा' बाजार का अर्थ बताइए । 1

Give the meaning of 'Money Market'.

8. वित्तीय बाजार के सही तरह से निष्पादित 'विनियोजन कार्य' के किसी एक परिणाम का उल्लेख कीजिए । 1

State any one consequence of a well performed 'allocative function' of financial market.

9. विपणन को एक सामाजिक प्रक्रिया क्यों कहा जाता है ? 1

Why is marketing called a social process ?

10. विपणन-प्रबन्ध दर्शन की 'विक्रय अवधारणा' तथा 'विपणन अवधारणा' में 'मुख्य ध्यान' के आधार पर अन्तर कीजिए । 1

Distinguish between 'Selling Concept' and 'Marketing Concept' of Marketing Management Philosophies on the basis of 'main focus'.

11. दावे की राशि ₹ 25 लाख होने पर किसी मृत उपभोक्ता का कानूनी उत्तराधिकारी अथवा प्रतिनिधि तीन स्तरीय तंत्र के अन्तर्गत कहाँ शिकायत दर्ज करा सकता है ? 1

Under three-tier machinery where can a legal heir or representative of a deceased consumer file a complaint when the compensation claimed is ₹ 25 lakhs.

12. प्रज्ञा ने ₹ 1,500 की एक प्रसिद्ध ब्राण्ड की इस्तरी खरीदी लेकिन प्रयोग करते समय उससे बिज़ली का करंट लग गया । प्रज्ञा अपने 'अधिकार' का प्रयोग करना चाहती है । उस 'अधिकार' को पहचानिए जिसके अंतर्गत उसे संरक्षित किया जा सकता है । 1

Pragya bought an iron of a reputed brand for ₹ 1,500 but it caused an electric shock while it was being used. Pragya wants to exercise her 'Right'. Identify the 'Right' under which she can be protected.

13. प्रबंध के उस सिद्धांत का नाम बताइए तथा उसका वर्णन कीजिए जिसके अनुसार एक प्रबंधक को कर्मचारियों से पूरी बातचीत में 'मैं' के स्थान पर 'हम' का प्रयोग करना चाहिए । 3

Name and explain the principle of management according to which a manager should replace 'I' with 'We' in all his conversations with workers.

14. वैज्ञानिक प्रबंध के सिद्धांत के रूप में 'सहयोग न कि टकराव' को समझाइए । 3

Explain 'Harmony Not Discord' as a principle of Scientific Management.

15. योजनाओं के एक प्रकार के रूप में 'उद्देश्यों' को समझाइए । 3

Explain 'objectives' as one of the types of plans.

16. नियोजन की विशेषताओं के रूप में निम्नलिखित को समझाइए : 3

(अ) नियोजन अनवरत है ; तथा

(ब) नियोजन भविष्यवादी है ।

Explain the following as features of Planning :

(a) Planning is continuous; and

(b) Planning is futuristic.

17. अजय को टूथपेस्ट एवं टूथब्रश बनाने वाली 'अल्फा एन्टरप्राइज़' का विपणन अध्यक्ष नियुक्त किया गया । उसका विक्रय लक्ष्य 2000 इकाइयाँ प्रति माह था । लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वितरण के विभिन्न माध्यमों पर विचार करने के अतिरिक्त उसने स्वयं पिछड़े क्षेत्रों के विद्यालयों में निरीक्षण करना शुरू किया । उसने पाया कि बहुत से कदम उठाने और सलाह देने के बावज़ूद भी विद्यालयों के कुछ बच्चों ने दाँतों में ब्रश करना शुरू नहीं किया । उसने जाँच की और पाया कि वे टूथब्रश व टूथपेस्ट नहीं खरीद सकते । अत: उचित अनुमति के बाद उसने प्रतिमाह विद्यालय में 200 टूथब्रश व टूथपेस्ट दान देने शुरू कर दिए ।

(i) वितरण के उस माध्यम को पहचानिए जिनका उपयोग अजय टूथपेस्ट व टूथब्रश के वितरण के लिए करेगा और कोई एक कारण बताते हुए उसका औचित्य भी दीजिए ।

(ii) ऐसे दो मूल्यों का उल्लेख भी कीजिए जो अजय समाज को सम्प्रेषित करना चाहता है । **3**

Ajay was appointed a marketing head of 'Alfa Enterprise' manufacturers of toothpaste and toothbrushes. His target sale was 2000 units a month. Apart from thinking about various channels of distribution to achieve the target he himself started visiting schools in backward areas. He found that even after taking various steps and counselling, some school children had not started brushing their teeth. He investigated and found that they could not afford to buy toothbrush and toothpaste. So with due permission he started donating 200 toothbrushes and toothpastes every month to the school.

(i) Identify the channel of distribution 'Ajay' would adopt for distribution of toothpaste and toothbrushes and justify it by giving one reason.

(ii) State any two values which Ajay wants to communicate to the society.

18. 'यद्यपि ब्रांडिंग से लागत में बढ़ोतरी होती है तथापि इससे उपभोक्ताओं को बहुत लाभ है ।' इस कथन के संदर्भ में उपभोक्ताओं को ब्रांडिंग के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए । **3**

'Though branding adds to the cost, it provides several advantages to the consumers'. In the light of the statement, state any three advantages of branding to customers.

19. संगठन प्रक्रिया के चरणों का उल्लेख कीजिए । **4**

State the steps in the organising process.

20. 'अधिकार अंतरण' एवं 'विकेंद्रीकरण' में निम्नलिखित के आधार पर अंतर्भेद कीजिए : **4**

(i) उद्देश्य;

(ii) क्षेत्र;

(iii) स्थिति; तथा

(iv) प्रकृति ।

Distinguish between 'Delegation' and 'Decentralisation' on the basis of the following :

(i) Purpose;

(ii) Scope;

(iii) Status; and

(iv) Nature.

21. 'दीर्घकालीन निवेश निर्णय' का क्या अर्थ है ? दीर्घकालीन निवेश निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए । 4

What is meant by 'Long-term Investment Decision' ? State any three factors which affect the long term investment decisions.

22. व्यवसाय के दृष्टिकोण से उपभोक्ता संरक्षण के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं का वर्णन कीजिए । 4

Explain any four points of importance of consumer protection from the point of view of business.

23. ऐसे पाँच कारणों का वर्णन कीजिए जो यह स्पष्ट करते हैं कि प्रबंध दिन-प्रतिदिन महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है । 5

Describe any five reasons which clarify that management is gaining importance day-by-day.

24. कोर्ट ने एक आदेश पारित किया कि विद्यालय के बच्चों के लिए सभी विद्यालयों में 'पानी शुद्धीकरण यंत्र' (वॉटर प्यूरीफायर) अवश्य होना चाहिए क्योंकि :

(i) सामान्यत: समाज जीवन की गुणवत्ता के प्रति अधिक चिंतित है ;

(ii) प्रतियोगी कीमतों पर पानी शुद्धीकरण यंत्र निर्मित करने के लिए नवप्रवर्तन तकनीकों का विकास हो रहा है ;

(iii) आय में वृद्धि हो रही है और बच्चे घर पर भी शुद्ध पानी पी रहे हैं ।

पानी शुद्धीकरण व्यवसाय के प्रति सरकार भी अपना सकारात्मक दृष्टिकोण दिखा रही है ।

उपरोक्त विवरण से पंक्तियों को उद्धृत करते हुए व्यावसायिक पर्यावरण के विभिन्न आयामों को पहचानिए । 5

The court passed an order that all schools must have water purifier for the school children as :

(i) Society in general is more concerned about quality of life;

(ii) Innovative techniques are being developed to manufacture water purifier at competitive rates;

(iii) Incomes are rising and children at home are also drinking purified water. The Government is also showing positive attitude towards the water purifier business.

Identify the different dimensions of business environment by quoting from the above details.

25. निशान्त कपड़ों की एक कम्पनी में डायरेक्टर है और अपनी कपड़ों की एक इकाई के बेकार माल से बैग बनाने की योजना बना रहा है । उसने यह निर्णय लिया कि इस निर्माणी इकाई की स्थापना वह उड़ीसा के किसी ग्रामीण क्षेत्र में करेगा जहाँ लोगों के पास कार्य के बहुत कम सुअवसर हैं और श्रम बहुत कम दर पर उपलब्ध है । उसने यह भी सोचा कि पुरुषों एवं स्त्रियों को समान अवसर प्रदान किए जाएँगे ।

इसके लिए वह विक्रय, लेखा, क्रय व उत्पादन के लिए चार विभिन्न अध्यक्ष चाहता था । उसने एक विज्ञापन दिया और विभिन्न चयन परीक्षाएँ सम्पन्न करने के बाद प्रति पद दस उम्मीदवारों की छँटनी की ।

(i) छँटनी किए हुए उम्मीदवारों में से सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार के चयन के लिए अपनाए जाने वाले अगले तीन चरणों को पहचान कर उनका उल्लेख कीजिए ।

(ii) ऐसे दो मूल्यों को भी पहचानिए जिन्हें इस निर्माणी इकाई की स्थापना द्वारा निशान्त समाज को सम्प्रेषित करना चाहता है । **5**

Nishant, the director of a garments company, is planning to manufacture bags for the utilization of waste material from one of his garment units. He has decided that this manufacturing unit will be set-up in a rural area of Orissa where people have very few job-opportunities and labour is available at very low rates. He has also thought of giving equal opportunities to men and women.

For this he wants four different heads for Sales, Accounts, Purchase and Production. He gives an advertisement and shortlists ten candidates per post after conducting different selection-tests.

(i) Identify and state the next three steps for choosing the best candidate out of the candidates short-listed.

(ii) Also identify two values which Nishant wants to communicate to the society by setting up this manufacturing unit.

26. 'नियोजन एवं नियंत्रण प्रबंध के अपृथक्करणीय द्वि-युग्म हैं ।' कैसे ? **5**

'Planning and Controlling are inseparable twins of management.' How ?

27. 'सभी संगठनों में प्रभावी संप्रेषण में बाधाएँ अधिक या कम अंश में विद्यमान रहती हैं ।' इन बाधाओं को दूर करने के किन्हीं छः उपायों का उल्लेख कीजिए । **6**

अथवा

'पर्यवेक्षक संगठन में बहुत से कार्यों को सम्पन्न करके एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।' ऐसे किन्हीं छः कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

'The barriers to effective communication exist in all organisations to a greater or lesser degree.' State any six measures to overcome these barriers.

OR

'The Supervisor performs a very important role in an organisation by performing multiple functions.' State any six such functions.

28. 'लाभांश निर्णय' से क्या अभिप्राय है ? एक कम्पनी के लाभांश निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों को समझाइए । 6

अथवा

'वित्तीय नियोजन' का क्या अर्थ है ? वित्तीय नियोजन के महत्त्व पर प्रकाश डालने वाले किन्हीं पाँच बिन्दुओं को समझाइए ।

What is meant by 'Dividend Decision' ? Explain any four factors which affect the dividend decision of a company.

OR

What is meant by 'Financial Planning' ? Explain any five points which highlight its importance.

29. शेयर बाजार के किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिए । 6

अथवा

मुद्रा बाजार के निम्नलिखित प्रलेखों का वर्णन कीजिए :

(क) याचना राशि

(ख) ट्रेजरी बिल

(ग) वाणिज्यिक पत्र

(घ) बचत प्रमाण पत्र

Explain any four functions of stock exchange.

OR

Explain the following money market instruments :

(a) Call Money

(b) Treasury Bill and

(c) Commercial Paper

(d) Certificate of Deposit

30. वैयक्तिक विक्रय की अवधारणा को समझाइए तथा एक अच्छे विक्रेता के किन्हीं चार गुणों का वर्णन कीजिए । 6

अथवा

एक उत्पाद के मूल्य निर्धारण को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों को समझाइए ।

Explain the concept of personal selling and any four qualities of a good salesman.

OR

Explain any four factors which affect the determination of the price of a product.

Examrace